मैं सरकार का ध्यान इस ओर आकृष्ट करना चाहता हूं कि क्या कभी उन्होंने यह बात दर्याफ्त की है कि उत्तर बिहार में पटना से जाने वाले पैसेंजर्स भी काफ़ी मिल सकते हैं और पैसेंजर ट्रैफ़िक और एयर मेल दोनों साथ जाने से क्या सरकार को घाटा रहेगा ?

श्री राज बहादुर : मैं माननीय सदस्य का ध्यान इस तरफ़ आकर्षित करना चाहता हूं कि पहले मुजफ्फरपुर को सर्विस चालू की गई थी और वह जुलाई, १९५७ में इस लिए छोड़ देनी पड़ी कि वहां पर पर्याप्त मात्रा में मुसाफ़िर नहीं मिले ।

Mr. Speaker: Shri Agadi. Absent.

Shri Wodeyar: I have been authorised.

Mr. Speaker: When we exhaust all the questions.

रेलवे में स्वास्थ्य एकक

*२०८१. **श्री जगदीश अवस्थी** : क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या रेलवे में स्वास्थ्य एकक बनाने की योजना पूर्णतः कार्यान्वित हो गई है ; और

(ख) यदि नहीं, तो विलम्ब के क्या कारण हैं ?

रेलवे उपमंत्री (श्री शाहनवाज खां): (क) और (ख). जी नहीं, लेकिन इसमें कोई देर नहीं हुई है । बीमारियों की रोक थाम पर ध्यान दिया जा रहा है और मौजूदा दवाखानों को हैल्थ यूनिटों में बदलने और नये यूनिट खोलने का काम एक योजना के अनुसार आगे बढ़ रहा है ।

श्री जगदीश अवस्थी : क्या माननीय मंत्री जी यह बताने की कृपा करेंगे कि ये जो हैल्थ यूनिट्स बनाए गये हैं, इनका कार्य-क्षेत्र क्या होगा ?

श्री शाहनवाज खां : इन का कार्य-क्षेत्र तो वही है, जो डिस्पेंसरियों का था, यानी रेलवे के कर्मचारियों के बीच में काम करना, लेकिन इस में डिस्पेंसरियों से थोड़ा फ़र्क इस तरीके से है कि डिस्पेंसरियों में जो बीमार पहुंचता था, उनका इलाज किया जाता था, जब कि ये जो हैल्थ यूनिट बनेंगे, वे बीमारियों को पहले से रोकथाम का काम करेंगे ।

श्री जगदीश अवस्थी : इन हैल्थ सेंटर्स के अन्तर्गत जो सैनिटरी इंस्पेक्टर्स और डाक्टर रखे जावेंगे, उनकी योग्यतायें क्या होंगी ?

श्री शाहनवाज खां : उनकी योग्यतायें तो वही होंगी कि जो काम उनके सुपुर्द किये जाएगें उनको वें काबलियत के साथ पूरा कर दें ।

Shri Jagdish Awasthi: May I know the qualifications of the sanitary inspectors and doctors?

Mr. Speaker: I understood the Deputy Minister to say that they should have all the qualifications that are necessary for the doctors.

Shri Shahnawaz Khan: That was what I said.

Dr. Sushila Nayar: The Deputy Minister has said that these units will be doing preventive work as well as curative work. Now, he says that whatever work is entrusted to them, they will discharge the duties accordingly. Is there no definite plan as to the diseases that they should prevent, the types of ailment they are going to treat and so on or is it a sort of loose and undecided plan as to what they are going to do?

Shri Shahnawaz Khan: There is no looseness about the plan. It is a very decisive plan. And very typical plans have been worked out, and those plans will be carried out.